आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. महात्मा गांधी की एक सौ छप्पनवीं जयंती के उपलक्ष्य में आज अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जा रहा है।
2. राष्ट्रपति और द्वीपों के उप—राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि गांधी जी का शांति, सहिष्णुता और सत्य का संदेश पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है।
3. उप—राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने प्रधानमंत्री, उप—राष्ट्रपति और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मुलाकात कर द्वीपों में चल रहे विकासात्मक कार्यों पर चर्चा की।
4. निकोबार जिले की जिला योजना समिति की बैठक में आगामी तीन वर्षीय कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी की एक सौ छप्पनवीं जयंती के उपलक्ष्य में आज अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जा रहा है। वर्ष—दो हजार सात के जून महीने में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पूरे विश्व में शांति और सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए अहिंसा दिवस मनाने का प्रस्ताव मंजूर किया था। एक सौ चालीस से अधिक देशों ने इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया था। यह दिवस हमें शांतिपूर्ण विश्व के प्रति महात्मा गांधी के संदेश का स्मरण कराता है। अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र में भारतीय स्थायी मिशन आज विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धाजंलि अर्पित की है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि यह दिवस महात्मा गांधी के आदर्शों और मूल्यों के प्रति समर्पण का अवसर है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का शांति, सहिष्णुता और सत्य का संदेश पूरी मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता ने अपना पूरा जीवन अस्पृश्यता, निरक्षरता और अन्य कुरीतियों के उन्मूलन तथा समाज के वंचित वर्ग के उत्थान में लगाया। राष्ट्रपति मुर्मु ने देशवासियों से सत्य और अहिंसा का पथ अपनाने और देश की प्रगति के लिए प्रतिबद्ध रहने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

गांधी जयंती के अवसर पर द्वीपों के उप—राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अपने सत्य, निस्वार्थ सेवा और

त्याग के आदर्शों से हमें निरंतर प्रेरित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने जीवन में गांधीजी के मूल्यों का अनुकरण करने का संकल्प लें और द्वीपवासियों के बीच एकता, करुणा और भाईचारे की भावना को मजबूत करें।

दुर्गा पूजा और दशहरा के अवसर पर, उप–राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि दुर्गा पूजा, महिषासुर पर देवी दुर्गा की विजय का उत्सव है, जो बुराई और अन्याय पर दिव्य शक्ति और धर्म की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ये त्योहार गहन आध्यात्मिक अर्थ रखते हैं और हमें विश्वास, दृढ़ता और सद्भाव के शाश्वत मूल्यों की याद दिलाते हैं। उप–राज्यपाल ने कहा कि देवी दुर्गा का आशीर्वाद हर घर में शक्ति, ज्ञान और समृद्धि लाए।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में, वन्यजीव सप्ताह हर साल दो से आठ अक्टूबर तक मनाया जाता है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि इस सप्ताह का आयोजन वन्यजीव संरक्षण के महत्वपूर्ण महत्व की याद दिलाता है और साथ ही नागरिकों में हमारी प्राकृतिक विरासत की सुरक्षा के प्रति सहानुभूति और ज़िम्मेदारी की भावना भी जगाता है। इस वर्ष का विषय है 'मानव–पशु सह–अस्तित्व'।

<><><><><><><>

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की एक सौ छप्पनवीं जयंती के अवसर पर आज गांधी पार्क में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह आठ बजकर पन्द्रह मिनट से आरंभ होगा। इस अवसर पर गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। शिक्षा विभाग के शिक्षकों और छात्रों द्वारा प्रार्थना तथा रामधुन का गायन किया जाएगा। दो मिनट का मौन रखा जाएगा। सभी सरकारी विभागों, संस्थानों, स्वायत्त निकायों, निगमों, पंचायत प्रधानों, स्वयंसेवी संगठनों और ग्रामीणों से श्रमदान के माध्यम से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत इस माह के दौरान स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाने का अनुरोध किया गया है। आम जनता से भी आज पशु वध, पक्षियों की हत्या, मछली पकड़ने और शराब से दूर रहने को कहा गया है। आज ड्राई डे रहेगा।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी आज विजय दशमी यानी दशहरा पर्व आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है। यह दिन नवरात्रि अनुष्ठान और दुर्गा पूजा के समापन तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।

<><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने कल नई दिल्ली के अपने दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने द्वीप विकास एजेंसी के तत्वावधान में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में चल रही विभिन्न अवसंरचना और रणनीतिक परियोजनाओं के बारे में प्रधानमंत्री को जानकारी दी और आगामी चरणों के लिए प्रस्ताव रखा।

उप–राज्यपाल ने कल उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की। उन्होंने उप–राष्ट्रपति को द्वीप विकास एजेंसी के तत्वावधान में द्वीपसमूह में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न बुनियादी ढाँचा, पर्यटन और आतिथ्य मेगा परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। अपने यात्रा के दौरान, उप–राज्यपाल ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात कर द्वीपसमूह में चल रहे प्रमुख मेगा, रणनीतिक, बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं की स्थिति पर जानकारी देते हुए आगामी विकासात्मक कार्यों पर चर्चा की।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। हस्तनिर्मित उत्पादों पर जीएसटी कटौती लोगों को बड़े स्तर पर राहत पहुंचा रही है।

<><><><><><>

निकोबार जिले की जिला योजना समिति की दो दिवसीय बैठक निकोबार जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सांसद बिष्णु पद रे और निकोबार जिले की विभिन्न जनजातीय परिषदों के अध्यक्ष उपस्थित थे। योजना समिति के सदस्यों ने विभिन्न विभागों द्वारा अपनी आगामी तीन वर्षीय कार्य योजनाओं के संबंध में प्रस्तुत प्रस्तुतियों पर विचार–विमर्श किया। सत्र के दौरान, विभागों ने जिले के लिए अपनी प्रस्तावित विकासात्मक गतिविधियों और क्षेत्रवार प्राथमिकताओं को प्रस्तुत किया। चर्चा में स्थायी और जन–केंद्रित योजना पर विशेष जोर दिया गया। सांसद और जनजातीय परिषद के प्रतिनिधियों ने ज़िले के भविष्य के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण तैयार करने में ज़िला प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए कार्य योजनाओं को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए। जिला उपायुक्त ने आश्वासन देते हुए कहा

कि बैठक के दौरान की गई सिफारिशों और टिप्पणियों को ज़िले की अंतिम कार्य योजना में शामिल किया जाएगा।

**<><><><><><><>**

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में आकस्मिक हिन्दी उद्घोषक की लिखित परीक्षा ग्यारह अक्तूबर को सुबह दस बजे से आयोजित की जाएगी। व्यक्तिगत प्रवेश पत्र सात और आठ अक्तूबर को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच आकाशवाणी, श्री विजयपुरम से प्राप्त किए जा सकते हैं।

**<><><><><><><>**